प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

तिथि : 25.08.2026 समय : 19:20 बजे

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 24 प्रस्तावों को मिली मंजूरी : गंगा एक्सप्रेस वे का हरिद्वार तक होगा विस्तार।
2. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने लखनऊ दौरे के दूसरे दिन बूथ स्तरीय अधिकारियों से किया संवाद : आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान बढ़ाने और प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचने का किया आह्वान।
3. प्रदेश सरकार ने आयुष्मान भारत योजना से जुड़े सभी अस्पतालों को जारी किए सख्त निर्देश : गाइडलाइंस का उल्लंघन करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई।
4. राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश में कई जगहों पर बारिश से जनजीवन प्रभावित : मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी में कल भारी बारिश का जारी किया यलो अलर्ट।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 24 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में गंगा एक्सप्रेस वे को हरिद्वार तक विस्तारित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण 6 लेन में किया जाएगा, जिसे भविष्य में 8 लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा।

*गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार तक विस्तारित करने के संबंध में सिक्स लेन विस्तार कर अप टू एट लेन मंत्रिमंडल परिषद ने इसको सहमति प्रदान की है। यह 10,761 करोड़ रुपए की लागत से यह बन के तैयार होगा। इसमें खास तौर से जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश से हरिद्वार तक जाने के लिए मुख्य रूप से राष्ट्रीय मार्ग एनएच 34 मेरठ बिजनौर हरिद्वार राष्ट्रीय मार्ग की सुविधा ही उपलब्ध है। इस एक्सप्रेसवे के निर्माण हो जाने से बिजनौर हरिद्वार से सीधे जुड़ जाएगा एवं गंगा एक्सप्रेसवे के माध्यम से इसका सुलभ संपर्क प्रदेश की राजधानी से भी होगा।*

बैठक में उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति–2022 के तहत आठ मेगा श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए जाने की संस्तुति को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में 7 हजार 968 करोड़ रुपये से बनने वाले झांसी लिंक एक्सप्रेस वे और सुल्तानपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफेक्चरिंग और लॉजिस्टिक क्लस्टर बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली है।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में मिशन रोजगार के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में तीन हजार 572 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसमें उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कृषि विभाग के लिए चयनित 3 हजार 446 प्राविधिक सहायक और मंडी परिषद में 126 मंडी सचिवों को आज नियुक्ति–पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में सरकार ने प्रदेश के नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के नौजवानों की दुनियाभर में मांग है।

*आज दुनिया आ रही है। जर्मनी आ रहा है। इजराइल आ रहा है। कहता है साहब यूपी के नौजवान को हमारे यहां भेजें। हम भी अपने यहां नौकरी और मुझे अच्छा लगता है जब यूपी के नौजवानों की लोग तारीफ करते हैं। आज दुनिया मांग रही है यूपी के नौजवानों को। 17 के पहले तो यह स्थिति नहीं थी।*

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चीनी की कमी नहीं है। उत्तर प्रदेश 25 करोड़ जनता का ही नहीं, भारत की 140 करोड़ जनता का पेट भरने का सामर्थ्य रखता है।

*यूपी में चीनी की कमी नहीं। यूपी की एक महीने की कुल खपत है 4 लाख टन चीनी। हमारे पास मौजूद है 28 लाख टन। यानी आप अनुमान करिए 7 महीने की चीनी हमारे पास मौजूद है और हम 15 अक्टूबर से फिर चीनी मिल चालू करेंगे तो 90 लाख टन यानी 900 लाख क्विंटल चीनी का फिर से प्रोडक्शन अपनी चीनी मिलों के माध्यम से यानी इतने बड़े पैमाने पर सामर्थ्य यूपी के पास है। यूपी की 25 करोड़ जनता का ही नहीं भारत की 140 करोड़ जनता का पेट भरने की सामर्थ्य यू रखता है।*

————————

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बूथ स्तरीय अधिकारी भारत के लोकतंत्र की नींव हैं। लखनऊ दौरे के दूसरे और अंतिम दिन, मुख्य चुनाव आयुक्त ने आज लगभग 500 बूथ स्तरीय अधिकारियों के साथ एक संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। श्री कुमार ने कहा कि प्रत्येक बूथ स्तरीय अधिकारी अपनी निष्ठा और पारदर्शिता के लिए मतदाताओं के बीच जाने जाते हैं। उन्होंने बूथ स्तरीय अधिकारियों से आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान मतदान बढ़ाने और प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचने की अपील की।

*बूथ लेवल ऑफिसर भारत के लोकतंत्र की आधारशिला है। हर बूथ लेवल ऑफिसर अपनी पारदर्शिता और कर्मठता के लिए ना केवल अपने बूथ के मतदाताओं के बीच में जाना जाता है बल्कि पूरे भारत में और पूरे विश्व में जाना और माना भी जाता है। भारत के सभी बूथ लेवल ऑफिसर अपनी कर्मठता से जिस तरीके से कार्य करते हैं इसीलिए उनके साथ संवाद स्थापित करना और जितना वो काम करते हैं और उन सुझावों को भी लेना इसी काम के लिए हम लखनऊ आए थे।*

————————

प्रदेश सरकार ने आयुष्मान भारत—प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुड़े सभी अस्पतालों को योजना के नियमों और दिशा निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने के सख्त निर्देश दिए है। उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि योजना के नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने बताया कि अस्पताल द्वारा अवैध वसूली, फर्जी बिलिंग और नियम तोड़ने पर भारी जुर्माना लगाने के साथ दंड का प्रावधान किया गया है।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूपीआई के 10 वर्ष पूरे होने पर कहा कि राष्ट्र की इस डिजिटल क्रांति पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक दशक पहले यूपीआई की शुरुआत हुई थी और यह भारत की डिजिटल भुगतान यात्रा में अब तक का सबसे निर्णायक फैसला साबित हुआ है। उन्होंने देशवासियों से यूपीआई के साथ

अपने अनुभव साझा करने को कहा है। यूपीआई की शुरूआत आज ही के दिन 2016 में हुई थी। यूपीआई के लेन–देन की संख्या में लगभग 13 हजार गुना वृद्धि हुई है।

*महज 10 वर्षों में यूपीआई भारत में डिजिटल भुगतान के तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है। इसके माध्यम से लेन–देन त्वरित, सरल और अधिक सुलभ हो गया है। यूपीआई की बड़े पैमाने पर तेज और भरोसेमंद सेवा को पूरी दुनिया में सराहा गया है। जिसके कारण आज यूपीआई प्रणाली को 11 देशों नेअपनाया है। आज दुनिया में होने वाले हर दो रियल टाइम डिजिटल भुगतान लेनदेन में से लगभग एक भारत में होता है। दुनिया भर में होने वाले डिजिटल भुगतान लेनदेन में यूपीआई के हिस्सेदारी लगभग 49: है। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत केन्या, ब्राजील, अर्जेंटीना, दक्षिण अफ्रीका और सेनेगल के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के लगभग 70 सदस्यीय दल ने गाजियाबाद के 11 विद्यालयों का दौरा किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान एफ.एल.एन. सुधारों को समझना और अनुभव साझा करना है।

———————

ईद मिलादुन्नबी का पर्व कल पूरी अकीदत के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश भर में जुलूस और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस मौके पर लखनऊ में निकलने वाले जुलूस–ए–मोहम्मदी को शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आज मोहम्मदी मिशन और जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में ए.डी.सी.पी वेस्ट धनंजय कुमार कुशवाहा ने कहा कि जुलूस–ए–मोहम्मदी परंपरागत तरीके और निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाएगा।

———————

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई स्थानों पर रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है जिसके कारण कई जगहों पर जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। बलिया के तुर्तीपार में घाघरा और बदायूं में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं अयोध्या में सरयू नदी के बढ़े हुए जलस्तर को देखते हुए एसडीएम रूदौली विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और राहत कार्य जारी है।

*पानी निरंतर घट रहा है। पानी घटने से जो भी संक्रामक बीमारियां होती हैं, इत्यादि समस्याएं होती हैं। उसके दृष्टिगत जो हमारी स्वास्थ्य विभाग की टीम है, पशु चिकित्सालय की टीम है, उसको हम लोगों ने एक्टिवेट किया है और वो लगातार गांव में जाकर देखेंगे और लोगों को संक्रामक बीमारियों से होने वाले जो समस्याएं हैं, उससे निजात कराने के लिए छिड़काव इत्यादि करेंगे।*

वहीं मौसम विभाग ने कल प्रदेश के कई स्थानों पर गरज और चमक के साथ बौछारें पड़ने और पश्चिमी जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

(समाप्त)